# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक :– 390 दिनांक 26/6/25

सेवा में,

**आयुक्त महोदय**
मेरठ मण्डल, मेरठ।

द्वारा :– **जिला मजिस्ट्रेट**
मेरठ।

**विषय :– नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) की आहूत बोर्ड बैठक दिनांक 19.06.2025 के द्वारा पारित संकल्प की सूचना संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि इस निकाय में दिनांक 19.06.2025 को पालिका पत्रांक 345 दिनांक 18.06.2025 को पालिका सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा मेला बूढ़ा बाबू 2025 के संबंध में अति आपातकालीन बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्न आहूत बोर्ड बैठक का एजेण्डा सूचना)।**

तदानुसार बोर्ड द्वारा दिनांक 19.06.2025 को बोर्ड बैठक में प्रेषित एजेण्डा के सापेक्ष पारित संकल्प प्रस्ताव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
4. प्रधान लिपिक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त बोर्ड बैठक के पारित संकल्प की प्रति पालिका के सूचना पट पर चस्पा व पालिका की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with OKEN Scanner

आज दिनांक 19.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में मेला बूढा बाबू 2025 के संबंध में अति आपातकालीन बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती सबीला बेगम, | अध्यक्ष, |
| 1 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 2 | श्री मुकेश | सदस्य, |
| 3 | श्रीमती तनिका जैन | सदस्य, |
| 4 | श्रीमती शगुफ्ता | सदस्य, |
| 5 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 6 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 7 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 8 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 9 | श्री शकील | सदस्य, |
| 10 | श्रीमती दानिस्ता | सदस्य, |
| 11 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 12 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 13 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 14 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 15 | श्री सलीम | सदस्य, |
| 16 | श्री तारिक हसन | सदस्य, |
| 17 | श्री इमरान | सदस्य, |

| | |
|---|---|
| मेला बूढा बाबू 2025 में रामलीला ग्राउण्ड भूमि की नीलामी में अधिकतम बोली के अनुमोदन व स्वीकृति हेतु विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष मेला बूढा बाबू 2025 में रामलीला ग्राउण्ड भूमि की नीलामी में अधिकतम बोली के अनुमोदन हेतु सदन के समक्ष चर्चा करते हुए सदन को अवगत कराया गया कि मेला बूढा बाबू 2025 में रामलीला ग्राउण्ड की नीलामी व शहीद द्वार से अशोक की लाट तक की भूमि की ठेके की नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 17.06.2025 को प्रारम्भ की गयी थी, किन्तु किसी बोलीदाता द्वारा दोनों की ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया में बोली न देने के कारण बोली नहीं हो पायी थी, जिनकी तिथि अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 18.06.2025 निर्धारित कर दी गयी थी। निर्धारित तिथि दिनांक 18.06.2025 को नीलामी के समय मेला बूढा बाबू 2025 का आयोजन दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 12.07.2025 की अवधि के सापेक्ष मेले की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 20.05.2025 से दिनांक 05.07.2025 तक मिलने के कारण पूर्व में निर्धारित सरकारी बोली को अनुपातिक रूप से कम करते हुए शहीद द्वार से अशोक की लाट तक की भूमि की नीलामी की सरकारी बोली अंकन 2,20,000 रू0 निर्धारित कर बोली की कार्यवाही उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रारम्भ की गयी थी, जिसमें निर्धारित सरकारी बोली के सापेक्ष बोलीदाताओं द्वारा बोली दी गयी, जिसमें अधिकतम बोली अंकन 2,26,000 रू0 श्री आकाश सैनी की आयी थी, जिसे तत्समय स्वीकृत कर दिया गया था से अवगत कराते हुए रामलीला ग्राउण्ड की नीलामी हेतु पूर्व में निर्धारित सरकारी बोली को मेले की प्रशासनिक स्वीकृति में प्राप्त मेले की अवधि को दृष्टिगत रखते हुए सरकारी बोली अंकन 15,00,000 रू0 निर्धारित कर बोली की कार्यवाही की गयी थी, |

Shahid

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | किन्तु निर्धारित सरकारी बोली अंकन 15,00,000 रू0 के सापेक्ष किसी भी बोलीदाता द्वारा बोली न देने के कारण मेला बूढा बाबू के आयोजन की सुचारूता को दृष्टिगत रखते हुए बोली के समय 14 सदस्यों द्वारा व स्वयं अध्यक्ष महोदय द्वारा हस्ताक्षरित पत्र से सदन को अवगत कराया गया, जिसमे उल्लिखित है कि ***"दिनांक 18.06.2025 को हम सदस्यों के समक्ष रामलीला ग्राउण्ड की बोली मेला अवधि दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 निर्धारण पर अंकन 15,00,000/—सरकारी बोली निर्धारित हुई थी, किन्तु उक्त सरकारी बोली पर बोलदाताओ से बार–2 कहने के बाद भी बोलीदाताओ द्वारा निर्धारित सरकारी बोली अंकन 15,00,000/—रूपये से पालिका शर्तो अनुसार इससे कम की बोली दी जा रही ,सरकारी बोली पर पालिका शर्तो अनुसार बोली के समय बोली नही हो पा रही है जिस कारण हम सदस्यगण मेला में रामलीला ग्राउण्ड भूमि पर खेल ,तमाशे व अन्य दुकानो न लगने पर मेला में कोई रौनक नही रहेगी ,जिसको दृष्टिगत रख सरकारी बोली से नीचे की बोली लेने हेतु हम सदस्यगण सहमति देते है,तथा मेला बूढा बाबू में उक्त रामलीला ग्राउण्ड का ठेका हो जाये इसके लिए सरकारी बोली से नीचे की बोली पर बोली लेने की कार्यवाही करते हुए बोली की अधिकतम बोली को स्वीकृत करने हेतु भी सर्व सम्मति से निर्णय लेते है। मेला बूढा बाबू की सुचारूता हेतु उपरोक्तानुसार लिए गये निर्णय पर यदि भविष्य में कोई सम्परीक्षा आदि में आपत्ति होती है,तो उसके लिए आप जिम्मेदारी नही होगी,इसके लिए बोर्ड का उपरोक्त निर्णय हेतु बोर्ड जिम्मेदार होगा। अतः आप सरकारी बोली अंकन 15,00,000/—रूपये पर किसी भी बोलीदाता द्वारा बोली न देने के कारण इससे कम बोली पर बोली की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए बोली में आने वाली अधिकतम बोली लेने का कष्ट करे,उक्तानुसार प्राप्त होने वाली अधिकतम बोली की धनराशि का अनुमोदन बोर्ड की आपात बैठक दिनांक 19.07.2025 को किये जाने पर उसमें इसका अनुमोदन कर दिया जायेगा'*** को पढ़कर सुनाया गया। उक्त पत्र के कम मे तत्समय रामलीला ग्राउण्ड की भूमि की सरकारी बोली से कम की बोली लेने हेतु की गयी कार्यवाही पर अधिकतम बोली अंकन 13,51,000 रू0 सिमरा कन्सट्रक्शन कं0 की आयी है, को सदन के समक्ष अनुमोदन व स्वीकृति हेतु रखा गया, जिस पर सदन में उपस्थित सदस्यों द्वारा तत्समय सदस्यों के उपरोक्त पत्र के कम में निर्धारित सरकारी बोली अंकन 15,00,000 रू0 से कम की बोली के सापेक्ष पालिका प्रशासन द्वारा ली गयी बोली अंकन 13,51,000 रू0 का सहर्ष अनुमोदन करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर संबंधित ठेकेदार को कार्यादेश निर्गत करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्त की गयी।

Shehzad

अध्यक्ष,

नगर पालिका परिषद,

सरधना (मेरठ

Scanned with OKEN Scanner